श्रीचंद कृपलानी
मंत्री
स्वायत्त शासन, नगरीय विकास
एवं आवासन विभाग,
राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

4122, मुख्य भवन,
शासन सचिवालय,
जयपुर-302 005
फोन : 0141-2227408 (कार्या.)
E-mail : mudh2016@gmail.com

क्रमांक

दिनांक ....

D.O. No. DLB/PRO/2017/...7742-7911
Dated: September 26, 2017

विषयः— मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के तहत 28 सितम्बर, 2017 को नदी अभियान के शुभारंभ एवं "रैली फॉर रिवर" के सम्बन्ध में।

प्रिय ....,

जैसा कि आपको विदित है कि प्रदेश की माननीया मुख्यमंत्री महोदया द्वारा प्रदेश के परम्परागत जल स्त्रोतों के पुनरोद्धार के लिए प्रदेश में एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान" (नगरीय) का शुभारंभ 09 दिसम्बर, 2016 को किया जा चुका है। इस अभियान के तहत प्रथम चरण में प्रदेश की 66 नगरीय निकायों को शामिल कर 224 बावड़ियों के पुनरूद्धोर तथा 300 वर्गमीटर से बड़े सभी सरकार भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग के ढ़ांचे बनाये जाकर जल संरक्षण का कार्य किया गया है। अभियान के द्वितीय चरण में प्रदेश की शेष नगरीय निकायों को जोड़ा गया है तथा वहाँ स्थित परम्परागत जल स्त्रोंतो के जीर्णोद्धार के साथ–साथ जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है।

अभियान के अन्तर्गत 28 सितम्बर, 2017 को प्रातः 11:00 बजे प्रदेश की माननीया मुख्यमंत्री महोदया द्वारा जयपुर एक्जीबीशन एण्ड कन्वेंशन सेन्टर (JECC), सीतापुरा, जयपुर में "नदी अभियान" का शुभारंभ "रैली फॉर रिवर" के जयपुर आगमन के अवसर पर सद्गुरू (ईशा फाउण्डेशन) की गरिमामय उपस्थिति में किया जायेगा। अभियान मे सभी नगरीय निकायों एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः कार्यक्रम में पधार कर इसे सफल बनाये।

आपका शुभेच्छु

(श्रीचन्द कृपलानी)

महापौर / सभापति / अध्यक्ष
उपमहापौर / उपसभापति / उपाध्यक्ष
पार्षदगण, समस्त राजस्थान